**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के 1-शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-20 का उत्तरालेख्य**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| **20(क)** क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सुल्तानपुर के ग्राम पंचायत देवलपुर, राजस्व ग्राम राजापुर भादी, विकास खण्ड लम्भुआ में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराये जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता का पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी सुल्तानपुर को संबोधित था, दिनांक 04 अगस्त, **2023** को प्राप्त हुआ है? | जी हां। |
| **(ख)** यदि हॉ, तो कब तक अन्येष्टि स्थल का निर्माण जनहित में करायेंगे? | जनपद-सुल्तानपुर की 16 ग्राम पंचायतों में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण किया जाना लक्षित था। इस लक्ष्य के सापेक्ष समस्त लक्षित ग्राम पंचायतों को धनराशि आवंटित कर दी गयी है, जिनमें निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है।<br>ग्राम पंचायत देवलपुर, राजस्व ग्राम राजापुर भादी, विकास खण्ड लम्भुआ में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में समस्त अभिलेख प्राप्त नही हुए हैं। समस्त अभिलेख प्राप्त होने पर शासनादेश दिनांक 02.09.2014 के अनुसार जिलाधिकारी, सुल्तानपुर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। |

28-11-2023

(केशव प्रसाद मौर्य)
नेता सदन, विधान परिषद
एवं उप मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

**(योगी आदित्यनाथ)**
मुख्यमंत्री।